Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

प्रेस नोट

पन्ना टाइगर रिजर्व के सीमावर्ती उत्तर पन्ना वन मण्डल में स्वच्छंद विचरण कर रही टी–6 बाघिन को पुनः बेहोश करते हुए पन्ना पार्क के हिनौता परिक्षेत्र में स्वच्छंद विचरण हेतु पुनः मुक्त किया गया

टी–6 बेहोशी की हालत में

दिनांक 22.1.2014 को पेंच से लाई गई बाघिन टी–6 को स्वच्छंद विचरण हेतु मड़ला परिक्षेत्र में मुक्त किया गया। पेंच से लाई गई बाघिन टी–6 एक ही दिन के बाद पन्ना टाइगर रिजर्व के इलाके से बाहर उत्तर पन्ना वन मण्डल के क्षेत्रों में विचरण कर रही थी। पार्क प्रबन्धन के लगातार 10 दिन के प्रयासों के बावजूद उक्त बाघिन सही दिशा नहीं ले रही थी एवं जिन क्षेत्रों में यह विचरण कर रही थी, उन क्षेत्रों में इनका रहवास सही नहीं है। साथ–साथ नर बाघों के अनुपात को सही करने की दिशा में उक्त बाघिन को पार्क सीमा में प्रवेश करने हेतु पर्याप्त समय देने के उपरान्त आज दिनांक 03.02.2014 को उत्तर पन्ना वन मण्डल के पन्ना परिक्षेत्र से सफलतापूर्वक बेहोश किया जाकर पन्ना टाइगर रिजर्व के हिनौता परिक्षेत्र में

स्वच्छंद विचरण हेतु मुक्त किया गया। उक्त कार्य का मार्गदर्शन क्षेत्र संचालक, पन्ना टाइगर

रिजर्व के द्वारा प्रदाय किया गया। तकनीकी नेतृत्व डा. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यप्राणी चिकित्सक, पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर सभी कार्यों का समन्वय करते हुए उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, सहायक संचालक पन्ना, सहायक संचालक मड़ला, परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना, आदि अमला मौके पर उपस्थित था। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में उत्तर पन्ना वन मण्डल के क्षेत्रीय अमले का योगदान महत्वपूर्ण रहा। अपेक्षा है कि आगे आने वाले कुछ समय के भीतर टी–6 पन्ना टाइगर रिजर्व के इलाकों में अपना गढ़ बनाने में सफल हो सकेगी।

दिनांक – 03.2.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना